आकांक्षी ज़िला के सूचकांकों में कांकेर ज़िला को मिला देश में आठवाँ स्थान

चर्चा में क्यों?

13 जनवरी, 2023 को कांकेर ज़िला कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने बताया कि नीति आयोग द्वारा जारी आकांक्षी ज़िला के सूचकांकों में कांकेर ज़िला ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पूरे देश में आठवाँ स्थान प्राप्त किया है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि देश के 112 ज़िलों को आकांक्षी ज़िला घोषित किया गया है। इन ज़िलों में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों जैसे- स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, बुनियादी ढाँचा, वित्तीय समावेशन एवं कौशल उन्नयन सहित विभिन्न 49 सूचकांकों पर नीति आयोग द्वारा समीक्षा की जाती है एवं उपलब्धियों पर रैंकिंग दी जाती है, जिसमें कांकेर ज़िला ने आठवाँ स्थान प्राप्त किया है।
- इसके साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण के सूचकांकों में कांकेर ज़िला ने छठवाँ रैंक प्राप्त किया है।
- कांकेर ज़िला कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने ज़िले के सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि शासन द्वारा संचालित सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करते हुए ज़िलेवासियों को लाभान्वित किया जाए।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kanker-district-got-eighth-place-in-the-country-in-the-index-of-aspirational-district